>

Title: Need to address drought situation in North Bihar.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): अध्यक्ष महोदय, मैं एक ऐसे प्रदेश से आता हूं जहां अधिकांश लोग कृषि पर आधारित हैं। उनकी आय का मुख्य स्रोत कृषि है। लेकिन आज पूरे बिहार में सूखे की स्थिति है, सूखे की स्थिति के कारण किसान त्राहीमाम है। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। बिहार में भी डीजल पर अनुदान दिया जा रहा है। मैं मिथिला के मधुबनी से जीत कर आया हूं, जहां अगल-बगल के इलाके में दो ही फसल धान और गेहूं पैदा होती है, अगर धान की फसल अच्छी होती है तो उसको बेच कर गेहूं की फसल लगाते हैं। इस बार की स्थिति यह है कि अगर धान की फसल नहीं होगी तो गेहूं की फसल पर भी असर पड़ने वाला है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि बिहार सरकार से बातचीत करके तत्काल सूखाड़ की जो स्थिति है, किसानों को राहत देने के लिए ठोस उपाय किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।